<u>हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा वन्यजीव सप्ताह-2020 का आयोजन</u>

हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला द्वारा **वन्यजीव सप्ताह-2020** (02 अक्तूबर 2020 से 08 अक्तूबर 2020) तक मनाया गया। इस आयोजन के दौरान संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से ऑनलाइन व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी । इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधर्थियों ने भाग लिया।

वन्यजीव सप्ताह के दौरान दिनांक 06 अक्तूबर 2020 को ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से **डॉ. गौतम तालुकदार**, वैज्ञानिक द्वारा "ट्राइकारिनेट पहाड़ी कछुए -मेलानोचिल्स ट्राइकारिनाटा के जीवन की ट्रैकिंग" पर पावर-पॉइंट प्रस्तुति दी। जिसमें वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधर्थियों ने ऑनलाइन 'गूगल मीट' (Google Meet) के माध्यम से भाग लिया।

वन्यजीव सप्ताह के समापन समारोह में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसे **श्री नीलेश यादव**, वैज्ञानिक- ई, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा करवाया गया।

इसके उपरांत समापन समारोह के मुख्य अतिथि **डॉ. शेर सिंह सामंत**, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने कहा कि हिमालय में पायी जानी वाली वन्य प्रजातियों तथा उनके संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और उनके प्राकृतिक आवास से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए उन्होंने कहा कि यदि वन में जंगली जानवरों के लिए प्राप्त आहार, फल, घास इत्यादि उपलब्ध हो तो वे शहरों की ओर नहीं आएंगें तथा मानव- जानवर संघर्ष (Human Animal Conflict) भी कम हो जाएगा।

डॉ. सामंत ने संस्थान द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जिसमें श्री मयंक नेगी एवं कुमारी अनुरानी शर्मा की टीम ने प्रथम, कुमारी वर्षा एवं कुमारी ईशिता गेहलोत तथा श्री राहुल वर्मा एवं श्री आशीष ठाकुर की संयुक्त टीम ने द्वितीय, कुमारी प्रियंका ठाकुर एवं कुमारी नेहा शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री मंजीत कुमार एवं कुमारी उपासना वैरागी की टीम को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभागाध्यक्ष विस्तार, **श्री जगदीश सिंह**, वैज्ञानिक-एफ़ ने संस्थान द्वारा वन्यजीव सप्ताह के आयोजन के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी तथा समापन समारोह में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ







WHICH BIRD HAS THE WIDEST
WINGSPAN?

WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

ISTITUTE

****